सोमवार
नालन्दा, 27.01.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्षः1, अंकः2
www.apnanalanda.com

# सोगरा स्कूल मैदान में डीएम ने फहराया तिरंगा, उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों को किया सम्मानित




**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहारशरीफ के सोगरा हाई स्कूल मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान भारत सोनी और परेड कमांडर परिचारी साक्षी राज ने परेड का निरीक्षण किया। इस शानदार कार्यक्रम में जिला सशस्त्र बल, गृह रक्षक, सैनिक स्कूल, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड महिला, स्काउट एंड गाइड पुरुष, सहित विभिन्न दलों ने भाग लिया। परेड का संचालन प्रथम परेड कमांडर परिचारी साक्षी राज और द्वितीय परेड कमांडर परिचारी रविन कुमार यादव द्वारा किया गया। एसएस बालिका विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय गान की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने अपने संबोधन में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और विकासात्मक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिलावासियों से अपील की कि वे



इन योजनाओं का लाभ उठाकर जिले के विकास में योगदान दें। समारोह के दौरान जिला प्रशासन ने उन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य से जिले में विकास को आगे बढ़ाया। जिन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, उनमें अपर समाहर्ता मंजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी वैभव नितिन काजले, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार, और कार्यपालक अभियंता रामलेदव कुमार शामिल थे। इन सभी को योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नागरिकों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस उपाधीक्षक तारकेश्वर प्रसाद सिंह, शम्स रजा (उप नगर आयुक्त), अनुज कुमार (अंचलाधिकारी राजगीर), राणा प्रदीप कुमार (उच्च वर्गीय लिपिक), और कई अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा बेहतरीन झांकियां प्रस्तुत की गईं। इनमें जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, शिक्षा, मद्य निषेध, महिला एवं बाल विकास निगम, आईसीडीएस, कृषि विभाग, पीएचईडी, पंचायती राज विभाग, स्काउट गाइड, पशुपालन, और लीड बैंक शामिल थे। इन झांकियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। इस वर्ष की उत्कृष्ट झांकी का पुरस्कार शिक्षा विभाग को प्राप्त हुआ, जबकि कृषि और डीआरडीए विभाग को द्वितीय और आईसीडीएस एवं सामाजिक सुरक्षा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन ने इन विभागों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर बिहार विधान पार्षद रीना यादव, जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी, नगर निगम बिहारशरीफ की उप मेयर आइसा शाहिन, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। गणतंत्र दिवस का यह समारोह जिले के विकास और समृद्धि के प्रतीक के रूप में आयोजित किया गया था, जिसमें जिलेवासियों को देश की एकता और अखंडता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वहीं पुलिस लाइन में नालंदा के आरक्षी अधीक्षक भारत सोनी ने झंडोतोलन किया तथा पैरेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। इस अवसर पर डीएम सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## नालंदा पुलिस ने 60 घंटे में लूटकांड का किया पर्दाफाश, तीन अपराधी गिरफ्तार



**अखिलेंद्र कुमार**

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में व्यापारी से हुए लूटकांड का पुलिस ने महज 60 घंटे में खुलासा कर सराहनीय कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर 1,69,000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त होंडा ठत्ट कार (रजिस्ट्रेशन नंबरः BR-01PG–2977) और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। 23 जनवरी 2025 को विजय सिंह (निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना परवलपुर) ने दीपनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि कंचनपुर के किचनी पुल के पास उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर तीन अज्ञात अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। हथियार दिखाकर शीशा तोड़ते हुए उनसे 2 लाख रुपये और मोबाइल लूट लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दीपनगर थाना कांड संख्या–30/25 दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर 1) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर टीम ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में मो. अनाम बखो, मो. समीर आलम (नीमचक बथानी, गया) और मो. अरमान (बिहारशरीफ) शामिल हैं। पुलिस ने 1,69,000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त कार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घटना का खुलासा करते हुए यातायात सह प्रभारी सदर डीएसपी खुर्शीद आलम ने बताया कि अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल अन्य अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। नालंदा पुलिस ने 60 घंटे में इस लूटकांड का पर्दाफाश कर अपराधियों को सख्त संदेश दिया है कि कानून से बचना अब नामुमकिन है।

## जानकी शिशु महाविहार विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



संजय कुमार

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के कागजी मोहल्ला भैसासुर स्थित जानकी शिशु महाविहार विद्यालय में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रणधीर रंजन उर्फ मन्टू जी अधिवक्ता और प्राचार्य संजय कुमार की उपस्थिति में झंडोत्तोलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र और अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में रणधीर रंजन ने विद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और बच्चों को राष्ट्र की सेवा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने बच्चों को एक अच्छे नागरिक बनाने की दिशा में अपना योगदान दें।" प्राचार्य संजय कुमार ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम की गाथाओं से अवगत कराते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं और देश की सेवा में अपने योगदान के लिए हमेशा तत्पर रहें। झंडोत्तोलन समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें साधना सरगम, शालिनी कुमारी, अनुष्का कुमारी, शाहिल कुमार, आशुतोष कुमार, प्रभाकर कुमार और कार्तिक कुमार का विशेष योगदान रहा। इन छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ झंडा फहराया और इस महत्वपूर्ण दिन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण राहुल कुमार, पवन पाण्डेय, ममता सिन्हा, और नेहा कुमारी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया। सभी अभिभावकों और छात्रों ने मिलकर इस समारोह को शानदार तरीके से मनाया और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय ने आगामी सत्र के लिए नामांकन भी शुरू किया। जो भी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराना चाहते हैं, वे 9304290818 पर संपर्क कर सकते हैं। सहायक शिक्षकरू पवन कुमार पाण्डेय, इन्दु भूषण प्रसाद, ममता कुमारी, राहुल रंजन, नेहा कुमारी, स्मिता कुमारी, मुस्कान कुमारी, शिवानी कुमारी गणतंत्र दिवस के इस आयोजन ने विद्यालय परिवार को एकजुट कर दिया और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को फिर से सशक्त किया।

राम रतन सिंह बने

## 'आप सब की आवाज पार्टी' के बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष




**संवाददाता**

गिरियक (नालंदा)। 'आप सब की आवाज पार्टी' के बिहार प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ ने राम रतन सिंह, पूर्व मुखिया, को प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इस घोषणा से पार्टी को मजबूत नेतृत्व मिलने की उम्मीद है। राम रतन सिंह ने अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्मैं पार्टी के लिए कर्मठता और निष्ठा से कार्य करूंगा। संगठन को मजबूत और संगठित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। हमारे संयोजक, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र सिंह, के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर पार्टी के विकास के लिए काम करूंगा। पार्टी के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने कहा कि राम रतन सिंह के पार्टी में शामिल होने और उपाध्यक्ष पद संभालने से पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उनका अनुभव और नेतृत्व पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। राम रतन सिंह ने संगठन को बेहतर बनाने और व्यापारियों के हित में कार्य करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। इस मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी का मानना है कि यह कदम संगठन को और मजबूत करेगा और पार्टी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# नालंदा के भिक्खु डॉ . धम्मरत्न को म्यांमार का प्रतिष्ठित 'सद्धम्मजोतिकाधज' पुरस्कार

प्रेम कुमार

बिहारशरीफ। म्यांमार सरकार ने 4 जनवरी को अपने गणतंत्र दिवस पर चाइनीज बुद्ध नालंदा विहार के विहाराधिपति भिक्खु (डॉ) धम्मरत्न को देश के सर्वोच्च धार्मिक पुरस्कार 'सद्धम्मजोतिकाधज' से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार म्यांमार सरकार के धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय द्वारा दिया जाता है, जो बुद्ध धर्म के प्रचार–प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रदान किया जाता है। भिक्खु (डॉ) धम्मरत्न चाइनीज बुद्ध नालंदा विहार के अधिपति होने के साथ–साथ नालंदा फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा के प्रचार–प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने नव नालंदा महाविहार के तिब्बती विभाग से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. धम्मरत्न अपनी करुणामयी और उदार



व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैं। वे एक सच्चे बौद्ध गुरु हैं, जो धर्म साधना के साथ–साथ शिक्षा के प्रचार में समर्पित हैं। उनके जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा हैं। म्यांमार सरकार द्वारा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित होने पर नालंदा और आसपास के क्षेत्रों में हर्ष की लहर है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. धम्मरत्न ने कहा कि यह सम्मान उनके द्वारा किए गए कार्यों को मान्यता देता है और उन्हें धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा। उनके इस सम्मान से नालंदा क्षेत्र ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान और प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

## बिहार सेंट्रल स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनाया उत्सव



संजय कुमार बिहारशरीफ।

आज बिहार सेंट्रल स्कूल, शिक्षा नगर डोईया में 76वें गणतंत्र दिवस की धूमधाम से वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं बच्चियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांस का आयोजन किया, जिससे उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने बच्चों की कला को सराहा और तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी कला और संगीत का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें सिमरन कुमारी, खुशी कुमारी, जैन मंदसौर, मंशा मंसूर, आयुष कुमार, आशू कुमार, प्रिंस और अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों की मेहनत और उत्साह को देखते हुए विद्यालय प्रशासन ने उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पारितोषिक भी वितरित किए। इस मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर सभी ने शपथ ली कि हम भारतीय संविधान के अनुसार कार्य करेंगे और कानून का पालन करेंगे। सभी ने एकजुट होकर इस राष्ट्रीय पर्व का उत्सव मनाया और देश की अखंडता और एकता की सलामी दी।

## आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में हर्षोल्लास के साथ मना 76वां गणतंत्र दिवस, बच्चों ने दिखाया उत्साह



**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत और खेलकूद के आयोजन ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य ने झंडातोलन किया और बच्चों व शिक्षकों को पेन और डायरी देकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। नोडल शिक्षक अजय कुमार ने बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक रहने और देश का भविष्य बदलने का हौसला प्रदान किया। सर्वश्रेष्ठ छात्र और छात्रा के रूप में आदित्य कुमार और स्वाति कुमारी को सम्मानित किया गया। शिक्षक सुजीत कुमार राणा, अजय कुमार, और संजीत कुमार ने आदित्य को विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। मोहम्मद आफताब आलम ने बच्चों के भाषणों की सराहना करते हुए आयुष और पीयूष को स्पेशल अवॉर्ड दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्वाति पार्वती, ईशा, सनी, श्रृष्टि, और सुहानी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में रीना और बालिका वर्ग में आदित्य राज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक अजय कुमार, धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे, और सुशील सिंह ने पारितोषिक वितरण में भूमिका निभाई। विद्यालय के सर्वगुण संपन्न शिक्षक शत्रुघ्न उपाध्याय, रौशन कुमार सिंह, और राणा अजय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# महाबोधि महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना 76वां गणतंत्र दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनी बने आकर्षण का केंद्र




**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव राजेंद्र कुमार और प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से झंडातोलन कर तिरंगे को सलामी दी। तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रगान गूंज उठा और माहौल देशभक्ति की भावना से भर गया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, जैसे भूगोल, राजनीतिक शास्त्र और अंग्रेजी विभाग के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संकट समाधान, प्रदूषण नियंत्रण और ग्लोबल वार्मिंग जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रदर्शनी लगाई। इन प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों ने जल संरक्षण और पर्यावरणीय समस्याओं पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। छात्रों ने रचनात्मक मॉडल और व्याख्यान प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हाल ही में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खो–खो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महाबोधि बी.एड. महाविद्यालय, नालंदा के छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन्हें स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार, शासी निकाय के सचिव श्री राजेंद्र कुमार, और प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। छात्रों और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति और विरासत का संदेश दिया और देशभक्ति की भावना को और गहरा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. आनंदमूर्ति, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. ललन कुमार पांडे, डॉ. सुधीर कुमार, और पीटीआई विकास कुमार समेत सभी टीचिंग और नॉन–टीचिंग कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए देश की प्रगति और एकता का संकल्प लिया।

# हिलसा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्रता दिवस

संवाददाता

हिलसा (नालंदा )। हिलसा अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में आज 76 वाँ गणतंत्रता दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। हिलसा अनुमंडल के इस्लामपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय अमनावाँ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक इसलामपुर के परिसर में 76 वाँ गणतंत्र दिवस पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार चौधरी ने झंडोतोलन कर झंडे को सलामी दी। श्री चौधरी ने कहा कि आज हीं के दिन हमारा भारतीय संविधान लागू हुआ था। इस दिन से भारत पूर्णरूप से गणतंत्र बना यानि जनता देश का मालिक बना। जनता के द्वारा चूने गये प्रतिनिधि के द्वारा शासन किया जाता है और जनता के हित में कार्य किया जाता है। साथ हीं साथ उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक के शिक्षक अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्रता दिवस भारतीय संविधान के लागू होने से आम लोगों की शक्ति का प्रतीक है। वहीं शिक्षक अभिषेक कुमार नें कहा कि यदि संविधान लागू नहीं होता तो हमलोग गणतंत्र दिवस नहीं मनाते। संविधान लागू होने से हमलोग गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और हमलोगों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मी कुमारी,जुली कुमारी,किरण कुमारी,लता कुमारी,अनुपमा कुमारी,रश्मि रति,मीरा कुमारी,राकेश कुमार,श्याम बिहारी,सुधांशु कुमार,दीपक कुमार,शक्ति नंदन,राम उदय यादव समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।



# आर.एच. कॉन्सेप्ट स्कूल के मंच से गूंजा शिक्षा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। आर.एच. कॉन्सेप्ट स्कूल, बिहारशरीफ में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भव्य झंडोत्तोलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम सिन्हा, जो महिला प्रकोष्ठ जन सुराज पार्टी की जिला अध्यक्ष एवं बेन जिला परिषद सदस्य ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। प्रो. सरयुग प्रसाद, जो कि GOOD MARKS कोचिंग और आर.एच. कॉन्सेप्ट स्कूल के निदेशक हैं, ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य सूर्य भूषण कुमार और समन्वयक अभिनव सुमन व आलोक सुमन ने भी समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि पूनम सिन्हा ने झंडोत्तोलन के पश्चात विद्यार्थियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा,ष्राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने संस्थान के उच्च स्तरीय शिक्षण और अनुकरणीय आचरण की सराहना करते हुए कहा कि यह स्कूल बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा है, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों से भी जोड़ रहा है। इस मौके पर निदेशक प्रो. सरयुग प्रसाद ने कहा कि,षशिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना भी है। उन्होंने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए यह भरोसा दिलाया कि उनका संस्थान हमेशा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया, जिसे सभी ने खूब सराहा। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि पूनम सिन्हा का आभार प्रकट करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। आर.एच. कॉन्सेप्ट स्कूल, बिहारशरीफ, नालंदा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। यहां न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है, बल्कि छात्रों को नैतिकता और संस्कारों की शिक्षा देकर भविष्य के लिए तैयार किया जाता है। इस कार्यक्रम ने शिक्षा और देशभक्ति का संदेश देने के साथ–साथ बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार किया।










# लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने मनाया गणतंत्र दिवस, न्यूरो प्लस हॉस्पिटल के वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ

**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। लायंस क्लब ऑफ नालंदा नें 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य और अर्थपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल देशभक्ति का प्रदर्शन था, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने का सफल प्रयास भी रहा। कार्यक्रम रामचंद्रपुर स्थित न्यूरो प्लस हॉस्पिटल के प्रांगण में आयोजित किया गया। सुबह की सुनहरी किरणों के साथ लायंस क्लब के अध्यक्ष रवि शंकर कुमार गुप्ता और डॉ. राजीव कुमार रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। हवा में लहराते तिरंगे ने विविधता में एकता का संदेश दिया। झंडारोहण के पश्चात न्यूरो प्लस हॉस्पिटल के दूसरे वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रोफेसर, व्यापारी सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बना दिया। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, जोन चेयरपर्सन रवि किशोर बरनवाल, विवेक कुमार बरनवाल, सीए विद्यासागर, राजकमल मेहता, राहुल कांत, रंगेश कुमार शर्मा, सुशील कुमार, प्रहलाद कुमार, शिव शंकर कुमार, धर्मेंद्र कुमार मेहता, राज रोशन और अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया। क्लब के चिकित्सकों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने गणतंत्र दिवस की भावना को जीवंत किया और समाज में एकता, सेवा और सहयोग का संदेश दिया।

# गणतंत्र दिवस पर रोटरी क्लब तथागत ने आयोजित किया मनोरंजक क्रिकेट मैच



**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब तथागत द्वारा संत जोसफ स्कूलखंडकपर के प्रांगण में रोटरी क्लब तथागत, रोट्रैक्ट क्लब बिहारशरीफ, और इनरव्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ के सदस्यों के बीच 15–15 ओवर का क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस मैच का उद्देश्य मनोरंजन के साथ–साथ स्वस्थ रहने और फिटनेस को बढ़ावा देना था। खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटा गया, जिनके कप्तान रो. डॉ. अश्विनी कुमार और रो. दिनेश कुमार चुने गए। बाकी सदस्यों को उनके कप्तानों ने अपनी–अपनी टीमों में शामिल किया। टॉस जीतकर रो. डॉ. अश्विनी कुमार की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 125 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रो. दिनेश कुमार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच जीत लिया। मैच के दौरान क्लब के सदस्यों में उत्साह और खेल भावना का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्य, रोट्रैक्ट और इनरव्हील क्लब के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन का उद्देश्य गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और फिटनेस को बढ़ावा देना था। रोटरी क्लब तथागत ने इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक सद्भावना और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सराहना दी गई और इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से करने पर जोर दिया गया।

# गिरियक नगर पंचायत में मुख्य पार्षद मोना देवी,नगर पंचायत पैक्स केंद्र में अध्यक्ष विजय कुमार नें राष्ट्रीय तिरंगा फहराया

**संवाददाता**

गिरियक (नालंदा)। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गिरियक नगर पंचायत में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। मुख्य पार्षद मोना देवी ने नगर पंचायत परिसर में झंडा फहराया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन ठाकुर, अंचलाधिकारी सनी कुमार, थाना प्रभारी सकेंद्र कुमार बिंद, इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, नगर पंचायत पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार और अन्य गण्यमान लोग उपस्थित रहे। वहीं,गिरियक नगर पंचायत पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार ने भी झंडा तोलन किया, जिसमें गिरियक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने देश की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। चोरसुआ पैक्स अध्यक्ष अशोक उपाध्याय के द्वारा 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर चोरसुआ पैक्स गोदाम के पास झंडोतोलन किया । झंडा तोलन में राजगीर विधायक कौशल किशोर ,गिरियक नगर पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार, गिरियक प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे हैं ।



# इस्लामपुर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, सरकारी कार्यालयों की उदासीनता पर उठे सवाल

**मोहम्मद जियाउद्दीन**

इस्लामपुर (नालंदा)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस्लामपुर के सरकारी और गैर–सरकारी संस्थानों में बड़े ही धूमधाम से तिरंगा झंडा फहराया गया। इसमौके पर विभिन्न स्थलों पर अतिथियों ने झंडातोलन किया और उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस्लामपुर प्रखंड मुख्यालय पर विधायक राकेश रौशन और प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, नगर परिषद कार्यालय में किरण देवी, इस्लामपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, गांधी मेमोरियल हाई स्कूल में एस. के. रॉय, और अतिपिछड़ा मंच कार्यालय पर भागवत यादव ने झंडा फहराया। कार्यक्रम के बाद मिठाई वितरण कर लोगों ने एक–दूसरे को बधाई दी। हालांकि, इस अवसर पर कई सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों की उदासीनता भी सामने आई। वाल विकास परियोजना कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, कृषि कार्यालय, नेताजी सुभाष हाई स्कूल जैसे सरकारी संस्थानों पर केवल औपचारिकता निभाई गई। इन स्थानों पर न तो किसी गणमान्य व्यक्ति को आमंत्रित किया गया और न ही कार्यक्रम के बारे में पत्रकारों को सूचित किया गया। यह रवैया सरकारी संस्थानों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों ने इन कार्यालयों की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे मौकों पर सरकारी संस्थानों का सक्रिय योगदान आवश्यक है। अधिकारियों और कर्मचारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि राष्ट्रीय पर्व को उचित सम्मान दिया जा सके।



